श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् 4 मार्च 1966 को एक सोसायटी के रूप में सोसायटीज रेजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत की गई थी।

(ख) परिषद् के सदस्यों के नाम जैसे कि पंजीकृत हैं इस प्रकार हैं :—

सर्वश्री एन० एन० चटर्जी
पी० सदागोपन
बी० आर० सेठ
बी० एन० दातार
एन० एस० मकीकर
सतीश लूम्बा
बलवन्त सिंह

उपर्युक्त निकाय की सदस्यता बढ़ाने के लिये अभियान शुरू किया जा रहा है और यह तब तक काम करता रहेगा जब तक इसकी सदस्यता नहीं बढ़ती और परिषद् अपने नियम व विनियमों के अनुसार कार्य प्रारम्भ नहीं करती।

Mobile P.Os. in Orissa

2404. Shri K. Pradhani:
Shri Ramachandra Ulaka:
Shri Dhuleshwar Meena:
Shri Heerji Bhai:

Will the Minister of **Communications** be pleased to state:

(a) the number of mobile Post Offices in Orissa at present;

(b) whether Government propose to commission more such Post Offices in the State during 1967-68; and

(c) if so, the details thereof?

The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral): (a) None, Sir.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

उत्तर प्रदेश में पुस्तकालयों के लिये सहायता

2405. श्री सरजू पाण्डेय :
श्री इसहाक सम्भली :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने पुस्तकालय चलाने के लिये उत्तर प्रदेश में कुछ संस्थाओं को अनुदान दिये हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनके नाम क्या है तथा वे किन-किन जिलों में काम कर रही हैं ;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश के कुछ पुस्तकालयों के अनुदान सम्बन्धी प्रार्थना-पत्र उनके मंत्रालय में सीधे प्राप्त हुए हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इस बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (घ). सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

उत्तर रेलवे द्वारा मान्यता दिये गये कर्मचारी संघ

2406. श्री शिवचरण लाल : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर रेलवे प्रशासन ने दिल्ली में पंजीकृत कितने कर्मचारी संघों को मान्यता दी है और उनमें से कितने संघ पिछले पांच वर्षों से श्रमिक संघ रजिस्ट्रार, दिल्ली को अपने आय-व्यय के विवरण तथा सदस्यों की सूची प्रस्तुत कर रहे हैं ; और

(ख) पिछले पांच वर्षों में इनमें से प्रत्येक कर्मचारी संघ की सदस्य संख्या कितनी रही है ?